हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 जनवरी 2026


06 तेजी से घट रहा वर्धा बांध का जलस्तर





08 कांग्रेस ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की ...






## सोहागपुर में संपन्न हुई 89वीं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

# दंगलः मिट्टी के शेरों ने कड़ाके की ठंड में मेट पर दिखाए कुश्ती के दांव पेच

मिट्टी में कुश्ती खेलने वाले शेरों ने मेट पर अपनी कला का प्रदर्शन कर सबका दिल जीता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्व. ठाकुर प्रताप भानुसिंह चौहान स्मृति राज्य स्तरीय दंगल रविवार को कालेज में संपन्न। इस बार आयोजन के सतत 89 वें वर्ष में पहलवानों ने अद्भुत कुश्ती कला व कौशल का प्रदर्शन किया।

आयोजन समिति अध्यक्ष विजय अग्रवाल एवं कार्यकारी अध्यक्ष अभिलाष सिंह चंदेल ने बताया कि दंगल में जोड़ों ने मेट पर कुश्ती लड़ी। इस बार 53 जोड़ों के बीच कुश्ती हुई, जिनमें से 48 पुरुष व पांच महिला पहलवान सहभागी हुए।



### यह पहलवान हुए शामिल

महिला व पुरुष पहलवान मप्र के मंडीदीप, हरदा, जबलपुर, इटारसी, बरेली, कटनी, सिवनी छपारा, सीहोर, नरसिंहपुर, खंडवा, गाडरवारा, रायसेन, बुधनी व सोहागपुर से प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे।



### इन्होंने निभाई मुख्य भूमिका

विजय अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान कॉलेज समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल, सचिव हमीर सिंह चंदेल, लक्ष्मी नारायण सोनी, हरिहर सिंह ठाकुर, बीके शर्मा, जयप्रकाश माहेश्वरी, आकाश पटेल, मंजेश पटेल, रूप नारायण शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, भास्कर मांझी, संजय खंडेलवाल, धनराज तिवारी, शंकर मालवीय, हामिद अली, राधेश्याम रघुवंशी, सुधीर ठाकुर, प्रशांत जायसवाल, चुन्नीलाल मुद्गल, अभिषेक चौहान, अभिषेक अग्रवाल, अभिनव पालीवाल, अश्वनी सरोज, आकाश पटेल, रामगोपाल चौबे व अन्य अतिथि उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका देवीप्रसाद दुबे, अभिषेक चौहान, शालकराम सूर्यवंशी और नितिन कहार ने निभाई।

### दिए पुरस्कार

आयोजन में पहलवानों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। प्रत्येक जोड़ को नगद पुरुस्कार दिये गए। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को ट्रॉफी दी गई। आयोजन समिति की ओर से परंपरा अनुसार क्षेत्र के ख्यात पूर्व पहलवानों व खलीफाओं का शाल एवं श्रीफल के साथ सम्मान भी किया गया। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर में कुश्ती परंपरा जीवित है, जहां दंगल देखने हजारों कुश्ती प्रेमी पहुंचते हैं। इस बार कड़ाके की ठंड के बाद भी हजारों कुश्ती प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन समिति अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि मालखेड़ी कटनी गाडरवारा तथा इटारसी के एक-एक पहलवान विजयी हुए। वहीं सोहागपुर तथा बाड़ी के दो-दो पहलवानों ने जीत हासिल की। जबलपुर तथा मंडीदीप के तीन-तीन पहलवान विजयी हुए। वहीं सर्वाधिक चार पहलवान हरदा के प्रतियोगिता में विजयी घोषित हुए।

# नर्मदा के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच हिंगलाज देवी मंदिर पर मां के दर्शन करने पहुंचे रहे भक्तजन

## 52 शक्तिपीठों में शामिल माता हिंगलाज, उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुरूआत से ही नर्मदापुरम में आस्था और भक्ति की बयार बह रही हैं। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण नर्मदा घाटों सहित नर्मदापुरम के विभिन्न मंदिरों में भक्तों का पहुंचना जारी है। रविवार को खर्राघाट स्थित माता हिंगलाज देवी के मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर के पुजारी बताते है कि यह मंदिर आस्था का बड़ा केंद्र हैं।

### 52 शक्तिपीठों में हिंगलाज माता

52 शक्तिपीठों में हिंगलाज माता भी शामिल हैं। हिंगलाज देवी का मुख्य मंदिर यूं तो बलूचिस्तान (पाकिस्तान) में है, पर अगर आप मप्र में भी मां हिंगलाज का दर्शन करना चाहते हैं, तो नर्मदापुरम के खर्राघाट आ सकते हैं। यहां करीब 11 फीट नीचे गुफा में हिंगलाज देवी की प्रतिमा स्थापित है।

नर्मदा के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर खर्राघाट पर, 11 फीट नीचे गुफा में स्थित माता हिंगलाज देवी विराजमान हैं। लोगों की आस्था है कि देवी की पूजा करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती है। हर नवरात्रि सहित अन्य दिनों में यहां दर्शन पूजन अर्चन करने वालों का तांता लगा रहता है। यह प्राचीन हिंगलाज माता का मंदिर देवी भक्तों की आस्था का केंद्र है।



### गुफा में विराजमान थीं माता

मंदिर के पुजारी भवानी शंकर तिवारी बताते हैं कि बात 1973 की है। शहर से करीब 4 किलोमीटर दूर नर्मदा नदी किनारे एक गुफा थी, जिसमें हिंगलाज देवी की मूर्ति विराजमान थी। यहां रहने वाले बाबा इसकी मूर्ति की पूजा करते थे, इस दौरान नर्मदा में आई बाढ़ के बाद यहां पर सब कुछ नष्ट हो गया। गुफा भी नष्ट हो गई, और मूर्ति का भी पता नहीं चल सका।

### ठेकेदार को आया था स्वप्न

पुजारी भवानी शंकर तिवारी बताते हैं कि वर्ष 1990-91 में यहां नया रेल ब्रिज बनाया जा रहा था। भोपाल के ठेकेदार राजकुमार मालवीय को यहां काम करने में रुकावटें आ रही थी। ठेकेदार बेहद परेशान था। एक रात ठेकेदार को माता सपने में आई। सपने के मुताबिक ठेकेदार ने खुदाई कि तो मंदिर और देवी प्रतिमा का पता चला। जिसके बाद यह मंदिर अस्तित्व में आया। ठेकेदार का काम भी बढ़िया चलने लगा।

### साल भर चलता है भंडारा

माता हिंगलाज देवी का मंदिर परिसर में साल भर भंडारे का आयोजन किया जाता है। साथ ही यह शहर की आस्था का बड़ा केंद्र है।

# संगम तट बांद्राभान पर आदिवासी नववर्ष के आयोजन में लोकगीत और नृत्य प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को आदिवासी नववर्ष मिलन समारोह 2026 भव्य रूप से बांद्राभान, नर्मदापुरम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा, रानीदुर्गवती, टंट्या मामा,सावित्री बाई,बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर, शंकरशाह रघुनाथ शाह, भीमा कोरकू के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। बड़ादेव की पूजा और आरती की गई एवं वृक्षारोपण किया गया और आदिवासी लोक गीत पर आदिवासी बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी,राज्य सभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नीतू यादव, जनपद अध्यक्ष नर्मदापुरम भूपेंद्र चौकसे, योगेंद्र राजपूत, विधायक प्रतिनिध महेंद्र यादव,रोहित गौर मौजूद रहे।

आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संगठन जिलाध्यक्ष शक्ति सिंह मरकाम द्वारा बताया गया कि मुख्य अतिथि दर्शन सिंह चौधरी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा नर्मदापुरम शहर में स्थापित करने की घोषणा की गई और राज्य संभा सांसद माया नारोलिया द्वारा प्रतिमा स्थापित में सहयोग प्रदान करने को कहा गया। नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा आदिवासी समाज नेतृत्व की सराहना की एवं प्रतिमा स्थापित का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीषा मरकाम द्वारा किया गया,कार्यक्रम में धनराज कुशराम ,रेवाराम आहके, जगदीप नररे, राजू मंडले, दुली राम मीना,शिव चरण ककोड़िया, आकाश कुशराम,दुर्गेश सलाम ,दीपक मरकाम, कन्हैया बोडाने, रविन्द्र मर्सकोले,किशन सललाम,हरपाल धुर्वे, अभिषेक परते, विष्णु परते, अभिषेक उईके,मनीष उईके,नीलेश सरयाम,विशाल प्रधान,जय प्रधान ,पवन प्रधान ,दिलीप धुर्वे, अखिलेश इवने,सुभाष उईके,दीपक उईके,जयपाल सोलंकी,श्यामराव पांसे, नलिन पटेल,आयोजक समस्त आदिवासी समाज नर्मदापुरम , आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संगठन जिला नर्मदापुरम एवं अजाक्स समिति एस पी एम नर्मदापुरम रहा ।



# शहर की धरोहर है मां नर्मदा इसकी पवित्रता बनाए रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की धरोहर है मां नर्मदा इसकी पवित्रता बनाए रखें। विश्व प्रसिद्ध है मां नर्मदा इसमें गंदगी न फैलाएं । मां नर्मदा में श्रद्धालु कचरा प्रवाहित न करें। घाटों की साफ सफाई रखें और अनुशासित रहें । मां नर्मदा पवित्र नदी है हमारी जीवनदायनी है। इसके किनारे फूल, पत्ती कचरा सहित अन्य सामग्री न डालें और केमिकल का उपयोग न करें । इससे जल गंदगी फैलती है और लोगों को भी दिक्कत होती है। मां नर्मदा की धारा कल कल बहती रहे इसलिए हमें किनारों पर गंदगी नहीं करना है। सभी घाटों की साफ सफाई हो, कचरा डस्टबिन में डालें और घाटों के आसपास कोई गंदगी ना करें । यह बात रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा चलाए जा रहे स्वछता अभियान में एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने कहीं। उन्होंने कहा सभी इस पुनीत कार्य में हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि मुझे आमंत्रण मिला मैंने यहां श्रमदान किया मुझे अच्छा लगा। सफाई करते यहां पर भारी मात्रा में पॉलिथीन मिली है इन्हें नर्मदा में प्रभावित न करें डस्टबिन में डालें। मैं सभी से यही अपेक्षा करता हूं कि इस अभियान से जुड़ें और मां को घाटों को स्वच्छ साफ रखें। एसडीओपी ने घाट पर सफाई की। घाट के किनारे जमा मलबे को हाथों से हटाया। इस मौके पर मातृ शक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा , सेवानिवृत्ति बैंक अधिकारी विजय वर्मा , अशोक वर्मा, प्रीती खरे आदि शामिल रहे।



## शिव पुराण में माता सती के जन्मोत्सव का प्रसंग



**नर्मदापुरम।** श्री राम मंदिर ग्राम दतवासा तहसील डोलरिया में आयोजित भव्य श्री शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस में माता सती के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। डॉ पुष्कर परसाई जी ने अपनी ओजस्वी वाणी से सती जन्म की महिमा का बखान करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। आचार्य जी ने प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि जगत जननी भगवती जगदंबा ने प्रजापति दक्ष की पुत्री के रूप में सती अवतार लिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की शक्ति और शांति में ही समस्त संसार का पालन और कल्याण समाहित है।कथा के दौरान सती के देह त्याग और पुनः पार्वती के रूप में जन्म लेकर शिव से मिलन की कथा ने भक्तों को भावुक कर दिया।शिव की भक्ति निष्काम भक्ति होती हैं, जो कामनाएं लेकर जाता है। उस कामना को पूर्ण शिव अवश्य करते है। मन में छल कपट हो तो कोई कामना पूर्ण नहीं होती।

# सावित्री बाई फुले की जयंती कांग्रेस कमेटी ने मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के निजी होटल में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा प्रथम शिक्षिका कवि सावित्रीबाई फुले की 194वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता दिनेश मौर्य ने की। इस दौरान सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरीश बेमन, सुनीत पुरोहित राधे पटेल, कोमल मेहरा, अमित शर्मा सहित अन्य सभी शामिल हुए। महिला मोर्चा कांग्रेस कमेटी, युवक कांग्रेस एनएसयूआई अध्यक्ष सहित सभी लोग शामिल हुए। इस दौरान उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। बताया गया है कि जहां पर गरीब निर्धन व्यक्ति छात्र-छात्राओं को सहयोग करने का संकल्प दिलाया गया। संचालक राधे पटेल ने विचार व्यक्त किए।

इसके साथ ही बैठक में यह भी चर्चा हुई की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का भवन पुराने गल्ला मंडी में है। जिसमें लगभग 4 दुकान है जो निर्माण से लेकर आज भी किराए पर चल रही है। लेकिन अभी तक अनेकानेक ब्लांक अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। लेकिन यह किराया कहा जमा हो रहा है। कोई जानकारी नहीं है। ना ही भवन में मरम्मत कार्य कराया गया है।

## कक्षा 9 वीं प्रवेश परीक्षा अंतिम तिथि 16 जनवरी

**माखननगर।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माखन नगर में सत्र 2026–27 हेतु कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन कियोस्क के माध्यम से किए जाएंगे। प्राचार्य प्रीति झा बताया आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2026 निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी।

# पंचायत उपचुनाव में महिला सशक्तिकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर में विगत दिनों सरपंच के पद के चुनाव संपन्न हुए थे। जिसमें महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए पंचायत के निवासियों ने चुनाव संपन्न कराया। जिसमें कुल मतदाता 1200थे। जिनमें सरपंच पद हेतु जमयंती धुर्वे तथा विनिता पति रामगोपाल रघुवंशी प्रत्याशी के बीच जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रामपंचायत में चुनाव संपन्न हुआ। अभी 6 माह के लिए पंचों में से ही 6माह के लिए सरपंच नियुक्त किया गया था। लेकिन लोगों ने 6 माह समाप्त होते-होते ही चुनाव कराने की बात कही। तो चुनाव संपन्न हुए जिसमें जमयंती धुर्वे को 336 मत प्राप्त हुए। विनिता पति रामगोपाल रघुवंशी को 737मत प्राप्त हुए लगभग 12 मत नोटा को मिले। 401 मतो से विनिता पति रामगोपाल रघुवंशी ने विजय हासिल कर बताया कि पहली बार ई वी एम मशीन से मतदान संपन्न हुआ। चुनाव की प्रक्रिया आयोग निर्देश अनुसार कार्य किया गया। प्रतिभाओं को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है जिससे कि संगीत के क्षेत्र में शहर का नाम रौशन हो सके ।

# युवा दिवस पर होगा युवा काव्य महोत्सव

**नर्मदापुरम।** नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम द्वारा आगामी 11 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जंयती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के उपलक्ष्य मे अखिल भारतीय युवा काव्य महोत्सव का आयोजन इटारसी मे किया जा रहा है। आयोजक केप्टिन किशोर करैया ने बताया कि नर्मदांचल के वरिष्ठ कवि बृजकिशोर पटैल के मार्गदर्शन मे होने वाले काव्य महोत्सव मे सहभागिता हेतु नवोदित एंव स्थापित युवा कवि-कवयित्रियो को आमंत्रित किया गया है। जिनकी आयु 35 वर्ष या उससे कम है। युवा काव्य महोत्सव मे देश के विभिन्न प्रांतों के 50 युवा कवि सहभागिता कर रहे हैं। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हंस राय ने बताया की उक्त आयोजन संस्कार मण्डापम इटारसी मे 11 जनवरी को जनप्रतिनिधियों, समाजसेवीयो, प्रशासनिक अधिकारियों एवं वरिष्ठ साहित्यकारों की विशिष्ट उपस्थिति में किया जा रहा है। श्री करैया ने बताया कि काव्य पाठ उपरांत सभी युवा कवियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं युवा शब्द साधक से सम्मानित किया जायेगा।

## आज गणतंत्र दिवस एवं नर्मदा प्राकटोत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक

**नर्मदापुरम।** 05 जनवरी सोमवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित रेवा सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से गणतंत्र दिवस एवं नर्मदा प्रकटोत्सव समारोह के आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सर्व संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

# विधायक और सांसद ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विकास कार्यों को वर्ष 2026 में नए आयाम मिल रहे हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है ताकि शहरवासियों की तरह ही ग्रामीण अंचल में भी सुविधाओं का बोलबाला रहे।

रविवार को माखननगर विकासखंड में सांसद और विधायक ने विकास कार्यों की सौगात आमजन को दी। जिसमें मुख्य रूप से विकासखंड माखननगर के ग्राम सिरवाड में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं विधायक विजयपाल सिंह ने स्कूल भवन, मंगल भवन, अतिरिक्त कक्ष एवं सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन 72.38 लाख एवं लोकार्पण 19.12 लाख किया। विधायक ने अपने संबोधन में गांव के विकास की दिशा में इसे एक और मजबूत कदम बताया। इस दौरान अतिथियो ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण

## रात का पारा रहा स्थिर, दिन में आई मामूली बढ़त, कांपे लोग

# सर्दी का सितम जारीः न दिन में चैन, न रात में राहत कोहरे की मार से ट्रेनों की रफ्तार पर भी लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

उफ यह कड़ाके की ठंड। न दिन में चैन, न रात में राहत दे रही हैं। हालांकि रविवार को दिन के पारे में मामूली इजाफा और हल्की धूप ने कुछ समय जरूर राहत दी लेकिन शाम होते ही उत्तर भारत की तरफ से आ रही ठंडी हवाओं का असर नर्मदापुरम जिले में पड़ने से हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड लगने लगी।

सर्दी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोगों को दिन में भी गर्म कपड़े, हीटर व अलाव का सहारा लेना पड़ा, इसके बावजूद ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि से घना कोहरा रहा। जिसके कारण सड़क और रेल यातायात पर असर दिखाई दिया। रविवार सूरज की लुकाछिपी के बाद ही सूर्य के दर्शन हुए, मगर सर्द हवाओं के चलने से धूप भी बेअसर रही। शाम के बाद ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों में सन्नाटा छा गया, वहीं शहरी क्षेत्र में भी पहले की अपेक्षा सड़कों में कम भीड़ रही। वहीं नपा अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव और सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने शहर में सात स्थानों पर अलाव जलाने के साथ ही रैन बसेरो पुख्ता इंतजाम करने निर्देश दिए हैं, ताकि सर्दी से किसी को परेशानी न हो।



### यह रहा तापमान

रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़त के बाद 21.4 डिग्री पर ठहरा। वहीं रात का तापमान पिछली रात की तरह ही 13.8 डिग्री पर स्थिर रहा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तेज कोहरा रहने के आसार बने हुए।

# जेल में 275 बंदियों के दांतों की जांच और साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


केंद्रीय जेल नर्मदापुरम खंड अ में रविवार को 275 बंदियों के दांतों की जांच की गई। जिसमें 42 पुरूष बंदी और 5 महिला बंदियों के खराब दांतों को निकाले साथ ही दांतों की सफाई और दांतों में मसाला भरा गया। इसके साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दांतों की साफ-सफाई रखरखाव का तरीका भी बताया गया। इसके साथ बंदियों के दांतों का उपचार हुआ।

शिविर का आयोजन पीपुल्स डेंटल ऐकेडमी द्वारा पब्लिक हैल्थ डेन्टस्ट्री और विभाग ओरल मेस्कोफेसियल सर्जरी परिरूद्ध बंदियों के दांतों से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ आदर्श राजूपत, डॉ विकाश कुमार मिश्रा, डॉ सोमेश सिंह करन,डॉ विनोद परमार, डॉ प्रियल मोर, डॉ अनामिका जुही, डॉ मो शकलीन हुसैन एवं कैंप कोर्डिनेटर अजय त्रिपाटी उपस्थित थे। आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान संतोष सोलंकी जेल अधीक्षक, प्रहलाद सिंह बरकडे उप अधीक्षक, हितेश बंडिया अष्टकोण अधिकारी, अर्पित चौधरी, संख्यक अष्टकोण अधिकारी, इंदुराज साहू (मेलनर्स) एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### बाबा मनसुखदास जी मेले का शुभारंभ



**शाहपुर।** बाबा मनसुखदास मेले का शुभारंभ शनिवार 3 जनवरी को विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। जिसमें बाबा मनसुखदास की पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे निरंतर चलने वाली भगवान श्री राम की रामसत्ता आरंभ हुई। इसमें भजनों की प्रस्तुति देने दूर-दूर से भजन मंडली पहुंची। अपनी-अपनी प्रस्तुतियां भजन गाकर क्षेत्र वासियों, नगर वासियों को सुनाई गई। मेले के प्रथम दिवस क्षेत्र के सभी क्षेत्रवासी बाबा मनसुखदास जी के मंदिर में पूजा करने पहुंचे और पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की। यह मेला 15 दिनों तक लगता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मेला 3 जनवरी से प्रारंभ होकर 18 जनवरी तक लगेगा। बाबा मनसुखदास बाबा मंदिर के महंत पंडित सचिन परसाई शाहपुर ने सभी क्षेत्र वासियों को मेले में उपस्थित होकर मेले का लुत्फ उठाने का आग्रह किया है।

### शिवाजी बस्ती हिंदू सम्मेलन की तैयारी शुरू

**बैतूल।** 20 जनवरी को होने वाले शिवाजी बस्ती हिंदू सम्मेलन के लिए न्यू बैतूल ग्राउंड में रविवार को भूमिपूजन हुआ। यह सम्मेलन बैतूल में लगातार हो रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला का हिस्सा है। सकल हिंदू समाज समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोग से शहर की 13 बस्तियों को विभाजित कर 33 वार्डों के लिए ऐसे सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में देशबंधु, मोती, गांधी और शिवाजी वार्ड के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इसमें पूर्व पार्षदों सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना बताया गया है। भूमिपूजन कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की आरती और पूजन के साथ हुई। आयोजकों के अनुसार, 20 जनवरी को न्यू बैतूल ग्राउंड, कोठीबाजार में होने वाले इस भव्य हिंदू सम्मेलन का विस्तृत कार्यक्रम तय कर लिया गया है। इसमें सुबह 10 बजे से कलश यात्रा, सुबह 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 12.15 बजे से मुख्य वक्ता का उद्बोधन और दोपहर 1.30 बजे से भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। यह आयोजन सकल हिंदू समाज समिति के तत्वावधान में और शिवाजी बस्ती सकल हिंदू समाज के निवेदन पर किया जा रहा है।

## सलाईढाना, कोडर व चिचंडा के किसानों की बढ़ी चिंता

### सिंचाई विभाग द्वारा नदी-नालों में छोड़ा जा रहा वर्धा का पानी

# तेजी से घट रहा वर्धा बांध का जलस्तर

### अंबोरी नदी में 10 किलोमीटर तक फैला पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित वर्धा सिंचाई परियोजना ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। परियोजना का नल-जल घटक अब तक अधर में लटका हुआ है, वहीं बांध घटक को लेकर भी सिंचाई विभाग की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। विशेष रूप से वर्धा बांध में संचित जल के प्रबंधन को लेकर ग्राम सलाईढाना, कोडर एवं चिचंडा के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का कहना है कि वर्धा बांध निर्माण में सर्वाधिक भूमि इन्हीं तीन गांवों के किसानों की अधिग्रहित की गई थी। शेष बची भूमि पर किसान लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से फसल उत्पादन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी जानबूझकर किसानों को लिफ्ट सिंचाई का लाभ न मिल सके, इसके लिए वर्धा बांध का पानी अंबोरी नदी में छोड़ा जा रहा है। यह पानी गोपाल तलाई से नरखेड़ के मध्य स्थित नालों में भी प्रवाहित किया जा रहा है। आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से एक निजी ब्लूबेरी कंपनी को बिना समुचित नाप-तौल के जल उपलब्ध कराया जा रहा है। कंपनी अपने व्यावसायिक उपयोग हेतु पानी ले रही है, जिससे किसानों की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। इसी कारण वर्धा बांध का जलस्तर तेजी से घट रहा है। एक ओर वर्धा का पानी नदी-नालों एवं कंपनी के उपयोग में जा रहा है, वहीं दूसरी ओर किसान सिंचाई के लिए पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं।





ग्राम चिचंडा निवासी मनोज कसारे, मुकेश रबड़े, सुरेंद्र रेबड़े, सुनील पवार, राजू कोड़ले, हरिराम भलावी, ग्राम सलाईढाना निवासी चंदन बरखड़े, राहुल बरखड़े, सोमनाथ बरखड़े, तथा ग्राम कोडर निवासी गुड्डू महाजन, मारुति बेले, नरेंद्र बेले एवं श्रीराम बेले ने बताया कि तीनों गांवों के किसानों को सिंचाई हेतु पानी नहीं मिल रहा है। किसानों का कहना है कि विभाग एक ओर नदी-नालों के माध्यम से पानी बहा रहा है, वही पिछले दो माह से नहर लगातार चालू रखी गई है। सिंचाई विभाग समय पर नहर खोलने और बंद करने की व्यवस्था तक नहीं कर पा रहा, जिससे भारी मात्रा में जल अपव्यय हो रहा है। किसान चंदन बरखड़े ने बताया कि जब भी किसानो को किसी समस्या को लेकर सिंचाई अधिकारियों से संपर्क करना होता है, वर्धा बांध के एसडीओ चौहान फोन नहीं उठाते। उल्लेखनीय है कि एसडीओ चौहान एक दशक से अधिक समय से मुलताई सिंचाई विभाग में पदस्थ हैं। इस दौरान कई चुनाव और स्थानांतरण हुए, किंतु वे यहीं बने रहे। किसानों का आरोप है कि इतने वर्षों बाद भी वे किसानों की समस्याओं को समझने के लिए तैयार नहीं हैं।वहीं, इस संबंध में सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री सी.एल. मरकाम का कहना है कि सिंचाई अधिकारी किसानों के फोन उठाने के लिए बाध्य नहीं हैं। फोन हमारी निजी सुविधा के लिए रखे जाते हैं।

#### वैध अनुमति है

वर्धा बांध से नदी-नालों में छोड़ा जाने वाला पानी पर्यावरणीय संतुलन की दृष्टि से आवश्यक होता है। जल संसाधन विभाग में इसके लिए स्पष्ट प्रावधान हैं। ब्लूबेरी कंपनी को पानी अवैध रूप से नहीं दिया जा रहा है, उनके पास वैध अनुमति है।
**सी.एल. मरकाम,** कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, मुलताई

## 9 बजे तक नहीं हुए सूरज के दर्शन

### 11.5 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिलेभर में सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही। जिसके कारण कई कई इलाकों में सुबह 9 बजे तक सूरज के दर्शन नहीं हुए। वहीं रविवार को यहां न्यूनतम तापमान घटकर 11.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि अधिकतम पारा 26 डिग्री दर्ज हुआ। पिछले एक सप्ताह में तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव दर्ज किया जा रहा है। 2 जनवरी को न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि 3 जनवरी को रात का पारा 12.5 डिग्री और दिन का 26.2 डिग्री दर्ज हुआ। 4 जनवरी को तापमान फिर गिरकर न्यूनतम 11.5 डिग्री और अधिकतम 26.0 डिग्री पर आ गया, जो एक दिन में करीब एक डिग्री की गिरावट दर्शाता है। आसमान पर बादल छाए रहने और उत्तर दिशा से चल रही ठंडी हवाएं ठंडक बनाए हुए हैं। दिन में धूप निकलने के बावजूद वातावरण में गलन महसूस हो रही है, वहीं शाम ढलते ही हवाएं और अधिक ठंडी व सिहरन भरी हो जाती हैं।


#### कोहरे से दृश्यता में आई कमी

घने कोहरे के कारण दृश्यता में कमी आई है, जिससे सुबह के समय वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मध्य प्रदेश में सर्दी का असर अगले कुछ दिनों तक बना रहेगा। ठंड और कोहरे का असर खेती पर भी दिख रहा है। कृषि विभाग ने चेतावनी दी है कि लगातार कोहरे और कम धूप से चना और मटर जैसी फसलों को नुकसान होने की आशंका है। खेतों में नमी बढने से फसलों में रोग लगने का खतरा भी बढ़ गया है। किसानों को सुबह के समय छिडकाव या सिंचाई से बचने की सलाह दी गई है।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की मासिक बैठक आज

**बैतूल।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की नियमित मासिक बैठक आज सोमवार 5 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे सुन्दर लाल कड़वे के निवास पर आयोजित होगी। बैठक में विगत माह दिसंबर 2025 में सेवा निवृत्त हुए पेंशनर्स साथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इसके साथ ही व्यक्तिगत लंबित प्रकरणों के समाधान की तैयारी तथा आगामी प्रांतीय आंदोलन से संबंधित रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में अन्य समसामयिक एवं तात्कालिक विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए जाएंगे। संगठन ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

## बेकाबू कार ने तीन वाहनों को टक्कर मारी, किसान की मौत, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

चिचोली में रविवार एक बेकाबू कार ने दो बाइक सवारों और स्कूटी सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में एक किसान की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा हरदा रोड पर पैठे कॉलोनी के पास हुआ। घटना के बाद कार सवार ने कार को एक बिजली पोल से टकरा दिया, उसे हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि घटना जय स्तंभ की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार द्वारा नियंत्रण खो देने से हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार पहले स्कूटी सवार दंपती को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ी, फिर उसने उपज बेचकर आ रहे नानद्रा गांव के किसान को उनकी बाइक पर पीछे से टक्कर मारी। हादसे में बाइक सवार संतराम परते (31), निवासी नांद्रा की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति बस्तीराम निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस कार ने उनसे पहले स्कूटी सवार सुनील सुदामा चौरे और लता चौरे, निवासी घोड़ाडोंगरी को भी टक्कर मारी। ये दंपती चंडी दरबार से दर्शन कर लौट रहे थे। हादसे के बाद कार कुछ दूर जाकर बिजली के खंभे से टकरा गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने पीछा कर कार ड्राइवर को हाईवे पर 2-3 किलोमीटर दूर पकड़ लिया। टीआई हरिओम पटेल ने बताया कि कार चालक को हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच जारी है। इधर हादसे में घायल हुए तीनों बाइक सवारों को सीएचसी चिचोली में भर्ती कराया गया है। पुलिस फिलहाल शवों का पीएम करवा रही है। घटना की जांच कर रहे उप निरीक्षक प्रीतम सिंह ने बताया कि मर्ग जांच के बाद मौके से सीसीटीवी जुटाने के प्रयास किए जाएंगे। कार चालक चूड़ियां निवासी बताया जा रहा है। उसने घटना को नशे में अंजाम दिया या अन्य कोई कारण है फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज

### नवजात शिशु का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला चिकित्सालय बैतूल स्थित शौचालय के चैम्बर में नवजात शिशु का भुरण मिला है। जिससे हडक़ंप मच गया। इस मामले में पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस तहत के मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मर्ग डायरी के अवलोकन एवं प्रारंभिक जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गर्भ को छुपाने के उद्देश्य से नवजात शिशु के भुरण को जिला चिकित्सालय बैतूल स्थित शौचालय के चैम्बर में फेंक दिया गया था। पुलिस द्वारा सभी पहलुओं से गहन जांच की जा रही है तथा आरोपी की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक हैं। किसी भी परिस्थिति में नवजात शिशु को छोडऩा या उसकी जान लेना गंभीर अपराध है, जिसके लिए कठोर कानूनी दंड का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यदि किसी महिला को अवांछित गर्भ अथवा सामाजिक दबाव जैसी समस्या का सामना करना पड़ रहा हो, तो शासन द्वारा उपलब्ध कानूनी, चिकित्सकीय एवं सामाजिक सहायता योजनाओं का सहारा लिया जा सकता है। इस संबंध में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस हर संभव सहायता के लिए तत्पर है।



## नि:शुल्क आयुष शिविर में 247 लोगों ने लिया उपचार व औषधियों का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

हाई स्कूल ग्राउंड चिल्कापुर एवं अयोध्या लॉन बडोरा में आयोजित हिंदू सम्मेलन के दौरान आयुष विभाग बैतूल द्वारा निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला आयुष अधिकारी बैतूल डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशानुसार दोनों ही स्थानों पर यह शिविर प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हुआ। चिल्कापुर में शिविर का आयोजन हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया, जहां नोडल अधिकारी डॉ. दीपक कड़वे के नेतृत्व में डॉ. कैलाश इवने, डॉ. पुनीत डोंगरे, डॉ. प्रियंका, डॉ. पूनम नागले, डॉ. नेहा पाटिल सहित कुल 14 कर्मचारियों ने सेवाएं दीं।

वहीं अयोध्या लॉन बडोरा, आठनेर रोड बैतूल में आयोजित शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. शारदा चौधरी के साथ डॉ. सुशील सोनी, डॉ. शिल्पा धोटे एवं डॉ. विशाल वर्मा सहित कुल 12 कर्मचारी उपस्थित रहे। दोनों ही शिविरों में ज्वर, श्वास, कास, संधिवात, अर्श, प्रतिश्याय सहित विभिन्न रोगों के लिए निःशुल्क आयुष औषधियों का वितरण किया गया। चिल्कापुर शिविर में 122 एवं बडोरा शिविर में 125 लाभार्थियों सहित कुल 247 लोगों ने उपचार और औषधियों का लाभ प्राप्त किया। साथ ही योग शिक्षक द्वारा दोनों स्थानों पर आवश्यक योगाभ्यास भी सिखाए गए।

**स्वर्ण प्राशन आज-** आयुष विभाग द्वारा आज 5 जनवरी को बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे से आयुष विशेषज्ञों की देखरेख में स्वर्ण प्राशन संस्कार संपन्न होगा।



## संयुक्त संचालक ने कृषि अभियंत्रीय कार्यालय का किया निरीक्षण

**बैतूल।** संयुक्त संचालक कृषि अभियंत्रीय भोपाल एमडी डेनी के द्वारा रविवार को कृषि अभियंत्रीय कार्यालय बैतूल का रोस्टर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निजी कस्टम हायरिंग सेंटर, ई-यंत्र एवं कृषि शक्ति योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही संबंधित योजनाओं का फील्ड वेरिफिकेशन भी किया गया। संयुक्त संचालक ने नरवाई प्रबंधन योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत उन्होंने सहायक कृषि यंत्री बैतूल कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सहायक कृषि यंत्री बैतूल डॉ. प्रमोद मीणा, उपयंत्री द्वारका प्रसाद सूर्यवंशी सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।




भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

## देहगुड़ मंडल केंद्र पर 11 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन



**बैतूल/आठनेर।** देहगुड़ मंडल केंद्र पर आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंडल केंद्र पर आसपास के 11 ग्रामों से ग्राम प्रतिनिधि उपस्थित रहे। हिंदू सम्मेलन को भव्य बनाने कार्यक्रम में अक्कलवाड़ी भैसाघाट, कोपरा, नयेगांव, पांढुर्णा, रजोला खोदरी के ग्रामीण जन सांस्कृतिक टोली भजन मंडली के साथ सम्मिलित होने जा रहे है। विभिन्न ग्रामों से आए हुए प्रतिनिधियों ने हिंदू सम्मेलन आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि इसके निमित्त ग्राम स्तर पर घर घर अक्षत से आमंत्रण भारत माता आरती, वाहन रैली, प्रभात फेरी, ध्वज यात्रा सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा।

## विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श व ऑपरेशन शिविर कल

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल के तत्वावधान में विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 6 जनवरी दिन मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आठनेर एवं भैंसदेही में 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के गोपाल साहू ने बताया कि शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के मोतियाबिंद रोग से पीड़ित मरीजों के आंखों की जांच की जाएगी एवं जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल में किए जाएंगे। जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन्हें बस के द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ भोपाल ले जाया जाएगा वहां पर सभी मरीजों को परिवहन आवास भोजन एवं सभी प्रकार की दवाइयां के साथ निशुल्क चश्मा भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति के गोपाल साहू ने आठनेर एवं भैंसदेही के समस्त वृद्ध जनों से मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं आंखों की जांच करने का आग्रह किया है मरीज को अपने साथ आधार कार्ड या आयुष्मान कार्ड की छाया प्रति लेकर आना जरूरी है।

## आज 5 जनवरी से होगी सुनवाई

# नो-मैपिंग मतदाताओं का सत्यापन शुरू

**बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नो-मैपिंग मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है, उनके पिछले एसआईआर की मतदाता सूची के विवरण या तो घोषणा पत्र में उपलब्ध नहीं हैं अथवा डाटाबेस से मेल नहीं खाते ऐसे मतदाताओं को 23 दिसंबर से 14 फरवरी के बीच निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस तामील कराए जाएंगे। नोटिस की पावती प्राप्त करने के बाद 7 दिवस के भीतर निर्धारित 13 प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन उपरांत आवश्यकतानुसार नाम जोडऩे या हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बैतूल जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में नोटिस तामीली के बाद सुनवाई की प्रक्रिया 5 जनवरी 2026 से प्रारंभ होगी। नोटिस प्राप्त होने पर संबंधित मतदाताओं को निर्धारित श्रेणी के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 6995 नो-मैपिंग मतदाता चिन्हित किए गए हैं। इनमें विधानसभा क्षेत्र 129 मुलताई के 1341, 130 आमला के 1331, 131 बैतूल के 2129, 132 घोड़ाडोंगरी के 981 तथा 133 भैंसदेही के 1213 नो-मैपिंग मतदाता शामिल हैं।




उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता का जन्म 01 जुलाई 1987 से पूर्व भारत में हुआ है, तो उन्हें स्वयं की जन्म तिथि अथवा जन्म स्थान से संबंधित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। वहीं 01 जुलाई 1987 से 02 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे मतदाताओं को स्वयं के साथ-साथ पिता या माता के जन्म तिथि अथवा जन्म स्थान का प्रमाण देना होगा। 02 दिसंबर 2004 के बाद भारत में जन्मे मतदाताओं को स्वयं, पिता एवं माता के जन्म से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यदि माता-पिता में से कोई भारतीय नागरिक नहीं है, तो जन्म के समय उनके वैध पासपोर्ट एवं वीजा की प्रति भी देना अनिवार्य होगी। इसके अतिरिक्त, यदि किसी मतदाता का जन्म भारत के बाहर हुआ है, तो विदेशी स्थित भारतीय मिशन द्वारा जारी जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। नागरिकता पंजीकरण अथवा प्राकृतिककरण के माध्यम से नागरिकता प्राप्त करने वाले मतदाताओं को नागरिकता पंजीकरण प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।

निर्वाचन आयोग द्वारा दस्तावेजों की एक सांकेतिक सूची भी जारी की गई है, जिनमें केंद्र अथवा राज्य सरकार या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय का शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, वन अधिकार प्रमाण-पत्र, ओबीसी/एससी/एसटी अथवा अन्य जाति प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां उपलब्ध हो), राज्य या स्थानीय निकाय द्वारा तैयार परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण-पत्र, आधार से संबंधित प्रावधान आयोग के पत्र के अनुसार लागू होंगे। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि नोटिस प्राप्त होने पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर सही एवं पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करें, ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित तैयार की जा सके और कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। ईआरओ/एईआरओ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट तथा द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मप्र भोपाल के समक्ष की जा सकेगी।

## 138 विद्युत कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व प्रशिक्षण

### डॉ. अशोक भार्गव की स्मृति में विद्युत कर्मचारियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**मुलताई।** स्व. डॉ. अशोक भार्गव की स्मृति में विद्युत कर्मचारियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल, मुलताई में किया गया। शिविर का शुभारंभ मां ताप्ती, भगवान हनुमान एवं डॉ. अशोक भार्गव के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी एवं अतिथि मधुकर साबले, राजेश मनसोरिया एवं संतोष गुप्ता ने डॉ. अशोक भार्गव के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा इस शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय डॉ. अशोक भार्गव लंबे समय तक वर्तमान विद्युत मंडल एवं पूर्व में ग्रामीण विद्युत वितरण कंपनी के अध्यक्ष रहे। एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने जहां नगरवासियों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं, वहीं ताप्ती विद्युत वितरण कंपनी के अध्यक्ष रहते हुए पूरे क्षेत्र में 100 प्रतिशत विद्युत लक्ष्य की उपलब्धि भी सुनिश्चित की। शिविर के दौरान कुल 138 विद्युत कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पर्वतराव ठाकरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन साख समिति के अध्यक्ष संतोष शिंदे द्वारा किया गया। शिविर में क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अंकुश भार्गव (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. प्रगति भार्गव (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. अभिलाष कविटकर (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. प्रियंका कविटकर, डॉ. किशोर रोगे, न्यूरोलॉजिस्ट अंकित डावरे, नाकझकानझगला विशेषज्ञ तिनेषण, फिजियोथेरेपिस्ट निहाल पंडोले एवं अभिषेक सोनी द्वारा सेवाएं दी गईं। इस अवसर पर डॉ. अशोक भार्गव की स्मृति में मरीजों को अतिथियों द्वारा फल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निशांत मेताम, अंकित सक्सेना, चाणक्य वर्मा, जावेद खान, अनिल देशमुख, नितेश ठाकड़े, आतिश वरकड़े, कुलदीप ठाकरे, अजय इंदौरका, रामकिशोर बोपचे, आनंद जेलेकर, यादोराव धोटे, शिवशंकर चढ़ोकर, विजय यादव, चंद्रभान पंडाबरे, संपत दरबाई, बाबूलाल पवार सहित क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल के समस्त कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।



## विराट हिंदू सम्मेलन 18 को जनवरी को

**सोहागपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संपूर्ण देश में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। ये हिंदू सम्मेलन सकल हिंदू समाज के लोग मिलकर कर रहे हैं। संघ की दृष्टि से पिपरिया जिले के सभी मंडलों एवं बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। क्षेत्र में 20 जनवरी तक सभी सम्मेलनों के आयोजन का लक्ष्य निर्धारित है। इसके लिये सोहागपुर नगर को दो बस्तियों में बांटा गया है। सकल हिंदू समाज के इन सम्मेलनो में सामूहिक हनुमान चालीसा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वक्ताओं के बौद्धिक,भारत माता की आरती के प्रमुख कार्यक्रम रहेंगे। वहीं भंडारा प्रसादी के साथ सम्मेलन संपन्न होंगे।

## ईंट-भट्टा से महिला के जेवर और नकदी चोरी

**इटारसी।** ग्राम नागपुर कलॉ निवासी एक महिला के जेवर और नगदी चोरी हुए हैं। घटना ग्राम मरोड़ा स्थित राकेश प्रजापति के ईंट-भट्टा में हुई है। महिला को करीब 30 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।रामपुर गुर्रा थाने में घटना की शिकायत दर्ज करायी गयी है। नागपुरकलॉ निवासी महिला छोटीबाई पति अमरचंद प्रजापति 70 वर्ष के इस्तेमाल के पुराने सोने के टाप्स, 22 सौ रुपए नगद तथा मोबाइल सहित करीब 30 हजार के माल पर अज्ञात ने हाथ साफ कर दिया है।

### इंदौर की घटना से जागा इटारसी नगरपालिका प्रशासन, अभियान शुरू

# क्लीनवाटर : अवैध निर्माणों के जाल में फंसी थी प्यास, प्रशासन बिछाएगा 900 मीटर सेफ्टी कवच

**इंदौर की त्रासदी से सबक लेते हुए इटारसी प्रशासन अब जीरो टॉलरेंस मोड पर है। शहर की पाइपलाइनों में घुल रहे धीमे जहर यानी दूषित पानी के खिलाफ नगर पालिका अध्यक्ष और एसडीओ ने मोर्चा खोल दिया है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शुक्रवार को न्यास कॉलोनी और वार्ड 34 की गलियों में जब प्रशासनिक अमला उतरा, तो बदइंतजामी की परतें खुलीं जिन्होंने अफसरों को भी हैरान कर दिया। निरीक्षण में कड़वा सच सामने आया कि जिन पाइपलाइनों से शहर की प्यास बुझनी थी, वे कई जगह लोगों के पक्के मकानों और सीवरेज लाइनों के नीचे दम तोड़ चुकी थीं। लीकेज ढूंढना नामुमकिन था, प्रशासन ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए पुरानी लाइनों को काटकर अलग करने और 900 मीटर नई ओपन पाइपलाइन बिछाने का फैसला लिया है।

### न्यास कॉलोनी के 3 डेथ पॉइंट्स पर कड़ा प्रहार

**बम बाबा दरबार:** यहां के दूषित सर्किट को तत्काल काटकर बंद किया गया, जिससे 50 प्रतिशत सुधार का दावा है।

**पत्रकार पुनीत दुबे क्षेत्र:** 20 प्रभावित घरों की समस्या दूर करने हेतु नई लाइन का जाल बिछेगा।

**बड़ा मैदान:** यहां शुरुआती सप्लाई में आने वाले मटमैले पानी को रोकने के लिए तकनीकी बदलाव शुरू।

**एक्शन प्लान:** 30 दिन, 900 मीटर और शुद्ध जल

### एसडीओ नीलेश शर्मा की मौजूदगी में शुद्धिकरण जारी



न्यास कॉलोनी 500 मीटर ओपन लाइन, काम शुरू, इसी माह लक्ष्य पूरा होगा।

वार्ड 34 मस्जिद से कनौजिया आवास, 400 मीटर, मंजूरी के साथ सर्वे पूर्ण। **धौंखेड़ा प्लांट:** ब्लीचिंग और क्लीनिंग। **ग्राउंड जीरो पर कमान:** अफसरों ने खुद खड़े होकर कराई ब्लीचिंग। शुक्रवार की सुबह इटारसी के लिए एक्शन वाली रही। एसडीओ राजस्व नीलेश शर्मा खुद धौंखेड़ा जल संयंत्र और खेड़ा समवेल पहुंचे। उन्होंने कागजी घोड़े दौड़ाने के बजाय मौके पर खड़े होकर ब्लीचिंग करवाई। श्री शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा, आम जन को शुद्ध पानी देना हमारी प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही करने वालों की अब खैर नहीं।

### नारकीय जीवन से मिलेगी मुक्ति

यह केवल पाइपलाइन बिछाने का काम नहीं है, बल्कि उन अवैध निर्माणकर्ताओं को एक संदेश भी है जिन्होंने सरकारी संपत्तियों पर कब्जे कर शहर की सेहत को खतरे में डाला। अब उम्मीद है कि इसी महीने के भीतर इटारसी के इन वार्डों के घरों में बीमारी नहीं, शुद्धता की धार बहेगी।

**अस्थाई राहत:** जब तक 900 मीटर का यह नया जाल नहीं बिछ जाता, तब तक सब इंजीनियर आदित्य पांडेय और उनकी टीम ने ट्यूबवेल के जरिए 3 सार्वजनिक नलों से साफ पानी की सप्लाई सुनिश्चित की है।

### इनका कहना है...

हमने पारदर्शी व्यवस्था के लिए ओपन पाइपलाइन को चुना है। अब न लाइन दबेगी, न लीकेज छुपेंगे। इदौर जैसी स्थिति नही होने देंगे।

**पंकज चौरे, अध्यक्ष, नगर पालिका**

## फ्रिज सहित घरेलू उपयोग की सामग्री जली नप उपाध्यक्ष ने दिया सहयोग का आश्वासन

**नगर के शास्त्री वार्ड में मजदूर के घर में शार्ट सर्किट से लगी आग**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के शास्त्री वार्ड में सम्मिलित लाडसपुरा में रविवार सुबह शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आगजनी से घरेलू उपयोग की सामग्री जल गई है। सोहागपुर नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने मौका मुआयना कर सहयोग का आश्वासन दिया है।

लाडसपुरा क्षेत्रवासी अरुण पठारिया ने बताया कि धर्मेंद्र आम्रवंशी मजदूरी करते हैं। रविवार सुबह उनके घर में शॉर्ट सर्किट से फ्रिज में आग लग गई। जिससे फ्रिज तथा घरेलू सामान जल गए हैं। इस दौरान वार्डवासी एकत्र हुए तथा युवाओं ने प्रयास कर गैस टंकी को फटने से बचाया. अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

वार्ड पार्षद व नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने सूचना मिलने पय बिजली विभाग अधिकारी से फोन पर बात की व बिजली वितरण बंद कराया।

उसके बाद रघुवंशी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा नुकसान का निरीक्षण किया। रघुवंशी व तरुण पठारिया ने बताया कि सभी लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया तथा बड़ी घटना टल गई है। रघुवंशी ने पीड़ित परिवार से चर्चा की तथा कहा कि हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में जारी मोबाइल का उपयोग, प्रबंधन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि टाइगर रिजर्व्स में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित हो। आदेश के पालनार्थ रिजर्व फील्ड डायरेक्टर्स को संबंधित विभाग प्रमुख की ओर से आदेश भी दिये गए हैं। लेकिन इसके बाद भी सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पर्यटक तथा गाइड्स मोबाइल का उपयोग वन्यजीवों के फोटो लेने और वीडियो बनाने में कर रहे हैं। मोबाइल का सबसे ज्यादा उपयोग तो गाइड्स ही कर रहे हैं।

यद्यपि कोर क्षेत्र में मोबाइल के उपयोग में अत्यधिक कमी आ चुकी है, लेकिन बफर जोन में पर्यटकों द्वारा बनाए जा रहे वन्यजीवों के वीडियो व फोटो लगातार सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे हैं।

आवश्यकता है कि रिजर्व प्रबंधन सुप्रीम कोर्ट के नियम का पालन कराने में भी रुचि दिखाए।

## आइस्मा भोपाल मंडल की वार्षिक आमसभा व संरक्षा सेमिनार आयोजित, भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन भोपाल मंडल द्वारा रविवार को वार्षिक आम सभा एवं संरक्षा सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल के 60 से अधिक स्टेशन मास्टर्स ने शिरकत की।

**स्टेशन मास्टर भारतीय रेलवे का आइकॉन:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोपाल के सहायक परिचालन प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने सफल आयोजन के लिए एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि स्टेशन मास्टर भारतीय रेलवे का चेहरा और आइकॉन है। यह एक अत्यंत जिम्मेदारी वाला पद है, जहां स्टेशन मास्टर विपरीत और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपनी सूझबूझ से सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करते हैं।

**सालभर के कार्यों का लेखा-जोखा:** सभा की शुरुआत में मंडल सचिव दिवाकर कुमार ने मंच संचालन किया और संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्षभर का लेखा-जोखा (रिपोर्ट) प्रस्तुत करते हुए संगठन की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम के अंत में रामेश्वर सिंह ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सभा की समाप्ति की औपचारिक घोषणा श्री माहौरे द्वारा की गई।

इस दौरान श्री दिवाकर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी साथियों का हृदय से धन्यवाद किया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य रेल परिचालन में संरक्षा के मानकों को और अधिक मजबूत करना तथा कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित करना था।

## न्यू ग्रेन एंड ऑयल सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन का नववर्ष मिलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कृषि उपज मंडी समिति इटारसी के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों की संस्था न्यू ग्रेन एंड ऑयल सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन का नववर्ष मिलन समारोह प्रदीप अग्रवाल पिद्दी के निवास पर आयोजित किया गया। जिसमें सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी।

समारोह में मंडी की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में दो नये सदस्यों के जुड़ने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

साथ ही इटारसी से खाटू पदयात्रा पर गये सभी पदयात्रियों का माला एवं अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से अध्यक्ष नवीन शर्मा, सचिव हिमांशु बाबू अग्रवाल, मुकेश जैन, राजकुमार तुरानी, प्रदीप साहू, राजेन्द्र अग्रवाल, भगवानदास मालवीय, संजय खंडेलवाल, संदेश अग्रवाल, अनिल मित्तल, संजय अग्रवाल, पवन मित्तल, अशोक मालवीय, आशुतोष अग्रवाल, गणेश मालोनिया, संतोष साहू, दीपक मालवीय, राजकुमार साहू, शिवांश मालवीय, सौरभ साहू, शशांक मालवीय, योगेश वर्मा आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

## ऑपरेशन हवालात के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



पुलिस थाना बागली पर दर्ज अपराध का आरोपी रिजवान हुसैन ईरानी पिता आशिक हुसैन उम्र 38 साल निवासी मुरलीनगर करोंद भोपाल हाल मुकाम अमन कालोनी भोपाल लंबे समय से पुलिस कि गिरफ्त से दूर चल रहा था, जिसे पुलिस ने अब गिरफ्तार कर सलाखों के पिछे भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में चलाए जा रहे आपरेशन हवालात के अंतर्गत पुलिस थाना बागली प्रभारी व्दारा अपनी टीम के सहयोग से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पिछे भेज दिया गया है।

जानकारी अनुसार फरार आरोपी रिजवान हुसैन ईरानी पिता आशिक हुसैन उम्र 38 साल निवासी मुरलीनगर करोद भोपाल हाल मुकाम अमन कालोनी भोपाल जो लगातार पुलिस कि गिरफ्त से दूर चल रहा था जिसे पकड़ने के लिए थाना प्रभारी बागली निरीक्षक अभिनव शुक्ला के नेतृत्व में ऑपरेशन हवालात के तहत विशेष टीम गठित की गई और मुखबिर की सुचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी व्दारा बागली नगर में 9 दिसंबर को श्रीजी ज्वेलर्स दुकान पर दिनदहाड़े चोरी कि घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। फरियादी राजेश सोनी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 लाख, 04 सोने के पैन्डल व 28 नाक में पहनने के सोने के काटे किमत-1 लाख 10 हजार जप्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग जिलों में लगभग 6 अपराध दर्ज है। अन्य क्षेत्रों में भी इस प्रकार कि घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिनव शुक्ला, पार्वती डावर, मनोज शर्मा, रामप्रतापसिंह चौहान, यशवंतसिंह तोमर, महेश सिसोदिया, अनिल डामोर, अरुण चौहान का सराहनीय योगदान रहा।

### चाणक्य कपः रोमांचक फाइनल में विल्स क्लब को दी करारी मात

# खचाखच भरे ग्राउंड में अखंड भारत बनी चाणक्य कप की विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



खेल के प्रति जुनून और आखिरी गेंद तक टिके रहने के जज्बे ने आज अखंड भारत को चाणक्य कप का चैंपियन बना दिया। फाइनल मुकाबले में अखंड भारत ने विल्स क्लब को एक बेहद करीबी मैच में 2 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

**ग्रैंड फाइनल का लेखा-जोखा:** फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए विल्स क्लब ने निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट खोकर 61 रन बनाए। विशाल यादव 19 रन और जय यादव 14 रन ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में, अखंड भारत की शुरुआत लडख़ड़ाती रही और उन्होंने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। लेकिन निहाल की तूफानी और नाबाद 29 रनों 12 गेंद की पारी ने मैच का रुख बदल दिया। अखंड भारत ने 8 वें ओवर में 8 विकेट खोकर 62 रन बनाते हुए जीत हासिल की।

**प्लेयर ऑफ द मैच :** निहाल अखंड भारत, 29 रन और गेंदबाजी में भी शानदार योगदान।सेमीफाइनल की राह, एक नजर मेंफाइनल तक पहुंचने का सफर दोनों ही टीमों के लिए यादगार रहा। दपहला सेमीफाइनल, अखंड भारत बनाम भारतीय क्लबआज का पहला सेमीफाइनल मुकाबला अखंड भारत और भारतीय क्लब के बीच खेला गया। अखंड भारत ने इस मैच में अपना दबदबा बनाए रखा और 24 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

**स्टार परफॉर्मर :** तरुण चौधरी 23 रन और 4 महत्वपूर्ण विकेट।
**दूसरा सेमीफाइनल :** विल्स क्लब बनाम लक्ष्य क्लबदूसरे सेमीफाइनल में विल्स क्लब का सामना लक्ष्य क्लब से हुआ। विल्स क्लब ने खेल के हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन किया और 6 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज करते हुए फाइनल का टिकट कटाया।

### टूर्नामेंट का सारांश

चाणक्य कप के इस सीजन में युवाओं का जोश देखने लायक था। जहां सेमीफाइनल में तरुण चौधरी ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से दिल जीता, वहीं फाइनल में निहाल के जुझारू तेवरों ने अखंड भारत को चैंपियन का ताज पहनाया।

### 22 वर्षों से मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित हो रहा भव्य पतंग महोत्सव

# हिंद रक्षक संगठन द्वारा 7000 पतंगों का होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय संस्कृति एवं परम्परा को निर्वहन करते हुए पिछले 22 वर्षों से मकर संक्रांति के पावन पर्व पर भव्य पतंग महोत्सव एवं अनेक धार्मिक गतिविधियां हिन्द रक्षक संगठन देवास आयोजित करता आ रहा है। इस कड़ी मे इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया जाएगा। पतंगोत्सव को लेकर शनिवार को प्रेसवार्ता आयोजक मनीष सेन (नेता पार्षद दल) नगर निगम, देवास द्वारा भोपाल रोड स्थित होटल सृष्टि क्लब में रखी गई। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से विधायक गायत्री राजे पावर एवं सभापति रवि जैन शामिल हुए। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सेन ने बताया कि इस 23 वर्ष पूर्व संस्था संस्थापक स्व. लक्ष्मणसिंह गौड के मार्गदर्शन में शुरू किया गया था जिसकी परम्परा को निरंतर निभाते हुए इस वर्ष भी विधायक गायत्रीराजे पवार व भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव के नेतृत्व में 14 जनवरी, बुधवार को नावेल्टी चौराहा पर मकर सक्रांति महापर्व अंतर्गत प्रातः 11 बजे पतंग महोत्सव पम्परा के अनुरूप मनाया जाएगा। जिसमे हर वर्ष की तरह बच्चों को करीबन 7000 पतंग, चायना डोर मुक्त धागन चकरी, गुड़-तिल वितरित की जाएगी। पतंग में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संदेश दर्शाया जाएगा, जिसमें इस वर्ष वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में पतंग में लिखाया गया है कि भारत का बच्चा-बच्चा वंदे मातरम गाएगा। पतंग उत्सव का शुभारंभ सामुहिक वंदे मातरम गायन से प्रारंभ होगा। सेन ने बताया कि एमजी रोड पर हुए अधिग्रहण से फैली अस्तव्यस्तता के कारण व्यापारियों को परेशानी न हो, जिसे दृष्टिगत रखते हुए मकर सक्रांति की शाम को होने वाला भव्य आयोजन इस वर्ष स्थगित कर दिया गया है। मार्ग सुचारू होने के बाद अग्रिम वर्ष में फिर से भव्य रूप में शाम का आयोजन होगा। संगठन के अजय अग्रवाल, गौतम सिंह राजपूत, मनीष जैन, नवीन विजयवर्गीय, राजेश यादव पह., विनय सांगते, प्रभात कल्याणे, नीलेश जैन, नीतेश सेन, आशीष विजयवर्गीय, अभिमन्यु पुजारी, कृष्णपाल सिंह, सजंय तलरेजा, आशुतोष मेहता, विनय चावडा, राजेन्द्र चावडा, संजय चावडा, प्रवीण भावसार, निखिल नरवरिया, महेश बोडाने, जीतू चौहान, राहुल राठौड, अनिल वर्मा, अजय परमार, कमलेश श्रीवास, हरीश श्रीवास, धीरज सेन, शशांक शर्मा, आशीष शर्मा, विजय जलोदिया आदि ने समस्त सनातनी प्रेमियों से अपील की है कि पतंग महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।



## शंकरगढ़ पहाड़ी में तेंदुए के शावक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के दूरस्थ स्थित शंकरगढ़ पहाड़ी क्षेत्र में स्थानीय किसानों ने शनिवार को एक तेंदुए के शावक का शव पाया। शुरुआती अनुमान है कि शावक खेत में लगी जाली में फंसने से मारा गया, लेकिन मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। जानकारी अनुसार, शावक के पिछले पैर में खून के निशान दिखाई दिए। शिकार से बचाव के लिए खेत में लगी जाली में फंसने की आशंका जताई जा रही है। शनिवार सुबह खेत पर पहुंचे किसानों ने शावक को मृत पाया और स्थानीय को सूचना दी जिसके बाद वन विभाग को जानकारी दी गई। वन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए के शावक का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा, जिसके बाद मौत का सही कारण पता चलेगा।

### भाजपा कार्यालय और टिमरनी के पूर्व विधायक के निवास के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की

# कांग्रेस ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को भाजपा कार्यालय और टिमरनी के पूर्व विधायक संजय शाह के निवास के सामने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन इंदौर के भगीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत के विरोध में किया गया। हालांकि की प्रदर्शन में शामिल करीब आधा सैकड़ा कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने भाजपा कार्यालय के बाहर ही रोक लिया। वही टिमरनी के पूर्व विधायक संजय शाह की कालोनी के गेट के बाहर ही रोक लिया गया।

इस दौरान दोनों जगह कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी कर मंत्री विजयवर्गीय को हटाए जाने की मांग की है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और मांग की कि दूषित पानी से हुई मौतों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही इस मामले में जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन विश्नोई ने कहा कि भाजपा के पूर्व विधायकों के घरों के सामने घंटा बजाकर मोहन यादव सरकार को जगाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में इस तरह की घटना होना सरकार और प्रशासन की बड़ी लापरवाही है। वही इस संवेदनशील घटना के बाद देश के चौथे स्तंभ मीडिया के सामने मंत्री विजयवर्गीय के घण्टा जैसा बयान देना शर्मनाक है। जिससे भाजपा नेताओं की आम जनता के प्रति संवेदनशीलता साफ नजर आती है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गैर-जिम्मेदार बयान दिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजयवर्गीय को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। उधर लोकतंत्र की मजबूती की बात करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी हजारों किलोमीटर पैदल चलकर अपनी बात आम जन के बीच पहुंचाने का काम कर रहे है। वही हरदा में कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान एक किलोमीटर पैदल चलने की जगह ऑटो में सवार होकर बृजधाम कालोनी के सामने प्रदर्शन किया है।



### किसान झाड़पा सब स्टेशन पहुंचे

# अघोषित बिजली कटौती के विरोध में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

जिले के ग्राम झाड़पा और नकवाड़ा के किसानों ने रविवार को झाड़पा सब स्टेशन पर अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। किसानों ने बिजली कटौती बंद करने और सब स्टेशन पर पदस्थ ऑपरेटर को हटाने की मांग की। रविवार सुबह से ही दर्जनों ग्रामीण सब स्टेशन पर धरने पर बैठ गए। किसानों ने सुबह वहीं भोजन पकाया और साथ बैठकर खाया। उन्होंने सब स्टेशन पर पदस्थ ऑपरेटर प्रियंका विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। किसान अरुण राजपूत ने बताया कि क्षेत्र में बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर बार-बार बिजली कटौती की जा रही है। इससे किसानों को सिंचाई करने में परेशानी हो रही है और उन्हें अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सब स्टेशन पर पदस्थ महिला ऑपरेटर किसानों के साथ अनुचित व्यवहार करती हैं, जब वे अपनी समस्या लेकर उनके पास जाते हैं। किसानों का यह प्रदर्शन सुबह 8 बजे से जारी है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में केवल एक लाइनमैन और एक हेल्पर होने के कारण अलग-अलग फीडरों पर आने वाले फॉल्ट को दूर करने में परेशानी होती है। किसानों ने यहां कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है ताकि उन्हें समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस दौरान किसान भवानी राजपूत, मधु कुशवाह, अरुण राजपूत, मुकेश रात्रे, संजू पटेल, संदीप दोगने, जितेंद्र राजपूत, अरुण पटवारे, बालक छापरे सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### इंदौर की घटना के बाद हरदा में नगर पालिका प्रशासन अलर्ट

# जल वितरण व्यवस्था के चेंबर का सफाई अभियान शुरू, नपा में 48 लाख का प्रस्ताव पारित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

प्रशासन ने जल वितरण व्यवस्था के चेंबर की सफाई शुरू कर दी है। इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद हरदा नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। शहर में स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के लिए जल वितरण व्यवस्था के चेंबरों और पानी की टंकियों की सफाई का अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए नालियों से गुजरने वाली जगहों पर पाइपलाइन को हटाया जाएगा। नगर पालिका की जलप्रदाय, पार्क, पीडब्ल्यूडी और सफाई शाखाओं के 50 से अधिक कर्मचारियों ने शनिवार से खेड़ीपुरा, सिविल लाइन सहित विभिन्न क्षेत्रों में चैंबरों की सफाई की। इसके अतिरिक्त, पानी की टंकियों के आसपास उगी झाड़ियों को भी हटाया गया। सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि प्रथम चरण में शहर के मुख्य जल वितरण स्थलों, टंकियों और सम्पवेल की सफाई की जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नगर पालिका परिषद ने 48 लाख रुपये का एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसके तहत नालियों से गुजर रही पाइपलाइनों को हटाया जाएगा ताकि पानी दूषित न हो। इस बीच, जिले में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी एसडीएम को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि नगर पालिका क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति करने वाले सभी ट्यूबवेल और बोरिंग से तत्काल जल-नमूने संग्रहित किए जाएं। इन नमूनों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, एफएसएस एआई या अन्य मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को सीएमओ के साथ मिलकर गंदे पानी से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### कलश यात्रा से प्रारंभ प्रथम हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ

# आज के इस विकट समय में समरसता बहुत जरूरी है: सभी जाति वर्ग के लोग एक जगह आएं: दोगने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

रविवार को नगर में प्रथम हिंदू सम्मेलन सुभाष बस्ती में संपन्न हुआ। इसमें समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इसमें सुभाष बस्ती के 24 मोहल्ला से हजारों की संख्या हिन्दू परिवार आये।

यह कार्यक्रम कलश यात्रा से प्रारम्भ हुआ। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता धन्नालाल दोगने द्वारा विचार रखे गए। इसमें उन्होंने कहा कि आज के इस विकट समय में समरसता बहुत जरूरी है। सभी जाति वर्ग के लोग समान रूप से एक जगह आए और एक रहे उन्होंने संघ द्वारा बताए पांच परिवर्तन की बात कही। जिसमे समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी या स्व का बोध आज के इस कार्यक्रम में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा गया। इस हजारों लोगों के हिंदू सम्मेलन के पश्चात भंडारे में कहीं भी सिंगल उसे प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। स्वच्छता सामाजिक समरसता का विशेष ध्यान रखा गया। आगे के दिनांक में नगर में ऐसे 11 और हिंदू सम्मेलन होना है। सभी हिंदू सम्मेलनों को प्लास्टिक मुक्त रखने की बात कही गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सिंह तोमर ने की तथा हिन्दू सम्मेलन समिति के संयोजक शिवनारायण राठौर उपस्थित रहे।




### आर्द्रभूमि और जलपक्षियों के संरक्षण में मदद करती

# पक्षियों की जनगणना शुरू, 18 जनवरी तक होगी



**रहटगांव।** वनमंडल हरदा में अखिल भारतीय जलपक्षी गणना 2026 का कार्य कराया जा रहा है। यह गणना 3 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है। यह एक वार्षिक नागरिक-विज्ञान पहल है जो आर्द्रभूमि और जलपक्षियों के संरक्षण में मदद करती है। यह गणना वनमंडल हरदा के वन परिक्षेत्र हंडिया, मकड़ाई एवं मगरधा में उपवन मंडल अधिकारी राकेश लहरी के निर्देशन में की जा रही है, इसका उद्देश्य प्रवासी जलपक्षियों की आबादी की निगरानी करना, उनके आवासों की स्थिति का आकलन करना और आर्द्रभूमि संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। एशियन वाटर वर्ल्ड सेंसस 2026 के तहत पक्षियों के सर्वेक्षण हेतु चयनित जलाशय स्थल पर किया गया। वन परिक्षेत्र टेमागांव सामान्य के अंतर्गत छिदगांव मेल बीट में स्थल कालिया देव कक्ष क्रमांक 276 में पक्षियों का सर्वेक्षण कार्य किया गया। जिसमें 44 प्रजातियों के पक्षी दिखाई दिए। सर्वेक्षण का कार्य डीपी गोस्वामी वन परिक्षेत्र अधिकारी टेमा गांव सामान्य राजेंद्र प्रसाद योगी परिक्षेत्र सहायक टेमा गांव जॉन सिंह परते परिक्षेत्र सहायक पश्चिम जवाहर डा एवं मनीषा उईके वनरक्षक बीट गार्ड छिदगांव मेल के द्वारा किया गया।

# सावित्री बाई फुले देश की प्रथम महिला शिक्षिका थी, उनकी जयंती पर शत-शत नमन: डॉ.अनीस खान

**सीहोर।** सावित्री बाई फुले भारतीय सामाजिक क्रांति की अग्रदूत एवं मिशाल थी। उनकी जयंती के अवसर पर स्थानीय संत शिरोमणि रविदास मंदिर डॉ. अम्बेडकर नगर वार्ड क्रं. 11 सीहोर में उनकी जयंती पर भव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ.अनीस खान थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष मनोहर मंगरोलिया द्वारा की गई।

सर्वप्रथम क्षेत्रीय तत्कालीन पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले ने सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशेष अतिथि के रूप में जांगड़ा एकता समिति के जिलाध्यक्ष रामचरण दसलानिया थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.अनीस खान द्वारा फुलेजी की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले भारत की प्रथम शिक्षक महिला थी।

उन्होंने सन 1848 में ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर महाराष्ट्र के पुणे के भिड़ेवाड़ा में पहला बालिका विद्यालय शुरु किया और वह भारत की प्रथम महिला शिक्षिका बनी। इस राह में उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ा। कट्टरपंथी तथा रूढ़िवादी समाज का उन्हें कड़ा विरोध झेलना पड़ा। इन्हीं वर्गों द्वारा सावित्री बाई फुले पर कीचड़, गोबर व अन्य गंदी सामग्री उनके ऊपर फेकी गई।

### संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण का पांचवां दिन

# कृष्ण की बाल लीला में गोवर्धन का वर्णन: शर्मा

**रहटगांव।** बाल लीला माखन चोरी लीला एवं मटकी लीला का संक्षिप्त वर्णन पंडित दौलत राम शर्मा द्वारा कथा के पांचवें दिन भागवत कथा में किया गया। श्रीमद् संगीतमय भागवत महापुराण का आयोजन राठौर परिवार में किया गया है।

कथा के पांचवे दिवस पंडित शर्मा द्वारा भगवान कृष्ण जन्म की बाल लीलाओं का वर्णन माखन चोरी की लीला अघासुर बकासुर पूतना आदि के वध की कथा का संक्षिप्त रूप से वर्णन किया गया। भगवान की बाल लीलाओं का दिव्य झांकियों का दर्शन कराया गया। भगवान के द्वारा गो चरण की लीला का दिव्य वर्णन किया गया। साथ में भगवान गिरिराज जी महाराज की पूजन परिक्रमा का महत्व बताया गया। छप्पन भोग लगाए गए भगवान भगवान ने इंद्र का अहंकार नष्ट करते हुए गिरिराज महाराज का महत्व बतला कर करके क्या हमारे को इंद्र की कृपा से जल वृष्टि नहीं होती है। हमारे पहाड़ पर्वत वन प्रदेश आदि का होना जरूरी है। वन प्रदेश और पहाड़ों के द्वारा ही बारिश होती है। पर्यावरण का भी महत्व उस समय भी महत्व था वही इस कलयुग में भी पेड़ पौधों का पर्यावरण पर महत्वपूर्ण योगदान बताया गया। ठीक उपरांत बांके बिहारी की महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया गया।



### गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए लोगों से व्यावहारिक उपाय साझा किए

# स्वस्थ समाज ही समृद्ध शक्तिशाली राष्ट्र का कर सकता है निर्माण : विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

आरोग्य भारती के द्वारा स्वस्थ जीवन शैली जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार सुबह हॉगवाट्र्स इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों नागरिकों को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि समाज का स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र को आर्थिक रूप से संपन्न समृद्ध शक्तिशाली बना सकता है। बीमार कमजोर आसक्त व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए हानिकारक सिद्ध होता है इसलिए जीवन का पहला सुख निरोगी काया बताया गया है। विधायक राय ने कहा कि आधुनिक युग में जब इंसान सुविधाओं के साथ-साथ अनेक बीमारियों का भी वारिस बनता जा रहा है, तब स्वस्थ जीवन की ओर लौटने का सही समय आ गया है तेज़ रफ्तार जीवन, तनाव, अनियमित खान-पान और निष्क्रिय दिनचर्या ने मनुष्य को अनेक असाध्य रोगों की ओर धकेल दिया। जीवन शैली में सुधार कर हम निरोगी काया का सकते हैं।

स्वस्थ जीवन शैली जागरूकता कार्यक्रम को इंदौर से पहुंचे मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक लाइफस्टाइल स्पेशलिस्ट सतीश मंत्री ने संबोधित किया उन्होंने अपने गहन अनुभव और सरल शब्दों में बताया कि हमारी दैनिक आदतें ही हमारे स्वास्थ्य की असली नींव होती हैं। उन्होंने विशेष रूप से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, मोटापा और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के व्यावहारिक उपाय साझा किए । उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है, और जब समाज स्वस्थ होगा, तभी राष्ट्र भी समृद्ध बनेगा। कार्यक्रम में योग, ध्यान, संतुलित आहार, सकारात्मक सोच, समय पर सोना-जागना, मोबाइल एवं तनाव से दूरी जैसी महत्वपूर्ण जीवनशैली आदतों पर विशेष चर्चा की गई । आयोजन के संयोजक डॉ. गगन नामदेव, जिला संयोजक आरोग्य भारती एवं गिरिराज मित्र मंडल के प्रदीप साबू सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।



# बुजुर्गों ने किए विजयासन माता के दर्शन




**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में निवासरत गोपी दादा ने बताया कि वह करीब 72 साल के है और सलकनपुर में प्रसिद्ध माता मंदिर अब पूरी तरह से भव्य रूप ले चुका है तब से दर्शन की बड़ी अभिलाषा थी। परिवार वाले कभी धाम लेकर नहीं गए। वृद्धाश्रम से हम लोगों को माता के मंदिर ले जाया गया। माता के दर्शन कर जीवन धन्य हो गया।

ऐसे अनेक बुजुर्ग सीहोर और भोपाल में निवासरत है जिनको अब लगातार शहर के समाजसेवी अनिल राय के माध्यम से दर्शन का मौका मिल रहा रहा है। 2025 में उज्जैन महाकाल के दर्शन के बाद 2026 नव वर्ष के मौके पर अब सलकनपुर स्थित देवी धाम पर पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। कभी परिवार ने दर्शन कराने से मना कर दिया था, अब उन्हीं तीर्थ स्थलों पर आश्रम के लोग दर्शन के लिए खुशी-खुशी ले जाते हैं। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित दो दर्जन और भोपाल के अवधपुरी में निवासरत 18 बुजुर्गों को जिला मुख्यालय के समीपस्थ सलकनपुर में देवी दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। इस मौके पर समाजसेवी अनिल राय और उनके पुत्र का सम्मान आश्रम के संचालक राहुल सिंह सहित अन्य ने किया।

इस मौके पर श्री राय ने कहाकि बुजुर्गों को इस यात्रा में देखकर हर्ष हुआ। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ताकि बुजुर्गों को समाज से जोड़ा जा सके।वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को धार्मिक यात्रा कराना एक बहुत ही नेक और सराहनीय कार्य है, जो उन्हें मानसिक शांति और खुशी देता है; कई संस्थाएं और व्यक्ति ऐसे तीर्थ-यात्राओं का आयोजन करते हैं, जहाँ उन्हें मंदिरों, गुरुद्वारों के दर्शन कराए जाते हैं, भजन-कीर्तन का मौका मिलता है, और उन्हें परिवार जैसा महसूस कराया जाता है, जिससे उनका जीवन संतोषपूर्ण बनता है

मंदिर पहुंचने पर आश्रम के बुजुर्गों को एसडीएम, तहसीलदार, सलकनपुर के पुलिस अधिकारी और मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से विशेष दर्शन का अवसर मिला। इस मौके पर यहां पर मौजूद मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आश्रम से आए वृद्धजनों का सम्मान किया और कहाकि वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में आध्यात्मिक सुख और सामाजिक जुड़ाव लाना भी है।